08/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरशोर से जारी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह कल यानि रविवार को शाम सात बजकर पंद्रह मिनट पर राष्ट्रपति भवन में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु श्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। श्री मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में एनडीए के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की और एक पत्र सौंपा जिसमें कहा गया था कि श्री नरेंद्र मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता निर्वाचित किया गया है। एनडीए के घटक दलों की ओर से समर्थन पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपा गया।राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए एक सुदृढ, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का गठन करेगी। श्री मोदी ने कहा कि लोगों ने एनडीए सरकार को एक और अवसर दिया है और यह 18वीं लोकसभा नवीन और युवा ऊर्जा का स्रोत है। उनकी सरकार, देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने एन डी ए संसदीय दल, बी जे पी संसदीय दल और लोकसभा का नेता चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है।

अपने एक ट्वीट में मुख्यमंत्री ने कहा है कि पीएम मोदी की नेतृत्व में देश को दो हजार सैतालीस तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम सभी मिलकर काम करेंगे। नई दिल्ली के पुरानी संसद भवन के सेंट्रल हॉल में कल एन डी ए पार्लियामेंट्री पार्टी की बैठक में उप मुख्यमंत्री चाउना मेन भी मौजूद थे।

0000000000000000000

दिल्ली पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं। समारोह के दौरान दिल्ली के ऊपर पैराग्लाइडर, पैरामोटर्स, हैंग ग्लाइडर, मानव रहित हवाई वाहन और गर्म हवा के गुब्बारे सहित उप पारंपरिक हवाई उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध नौ और दस जून को लागू रहेगा।। शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनी, एन.एस.जी कमांडो, ड्रोन और स्नाइपर को तैनात किया जाएगा। रविवार को दिल्ली के मध्य भाग की ओर जाने वाली कई सड़कें बंद की जा सकती हैं या सुबह से ही यातायात में बदलाव किया जा सकता है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर जांच बढ़ा दी गई है। 0000000000000000000

असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्व सरमा ने अयोध्या में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि देश में पांच सौ बयालिस सींटे हैं और उनमें से कुछ पर जीत और हार सामान्य बात है। उन्होंने कहा कि कि प्रभु राम की कृपा से भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं।

0000000000000000000

कांग्रेस कार्य समिति-ए.आई.सी.सी की बैठक राजधानी आज नई दिल्ली में  हुई। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ पार्टी नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी के अन्य नेता उपस्थित रहे। इस बैठक में श्री खरगे ने पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों को चुनाव जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि मणिपुर में जहां से कांग्रेस की न्याय यात्रा शुरू हुयी थी वहां की दोनों सीटों पर और नागालैंड, असम, मेघालय में कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। श्री खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए लोगों का अपार समर्थन मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ संसद के अन्दर और बाहर एकजुट होकर कार्य करेगी।

000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू और वरिष्ठ भाजपा नेता चाउना मेन ने अरुणाचल प्रदेश के पहले आई पी एस रोबिन हिबु को डी.जी.पी पद पर प्रमोशन के लिए बधाई दी है। वरिष्ठ नेता किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश के सभी आई पी एस अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने आई पी एस रोबिन हिबु को डी.जी.पी पद पर प्रमोशन के लिए बधाई देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने नॉर्थ-ईस्ट के लोगों के लिए दिल्ली पुलिस की स्पेशल यूनिट का गठन किया है।

000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव में 8-बामेंग विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के एक मात्र नवनिर्वाचित सदस्य कुमार वाई का आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय ईटानगर में गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

उन्होंने चुनाव प्रचार अभियान में पूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन के लिए अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। बामेंग विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सदस्य कुमार वाई ने मतदाताओं के प्रति आभार जताते हुए क्षेत्र के विकास के प्रति वचनबद्धता व्यक्त की।

0000000000000000000

ऑल इदु मिश्मी स्टूडेंट्स यूनियन और ऑल इदु मिश्मी यूथ एसोसिएशन ने आज रोईंग में आयोजित एक कार्यक्रम में हाल ही में हिमाचल प्रदेश के सोलन में आयोजित नेशनल कुदो चैंपियनशिप 2024 में भाग लेने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में रोज मेरी गाम्बो और खुंबा लिंग्गी ने सिल्वर मेडल, कुश मिउली और अंगो मेतो ने ब्रॉज मेडल जीता।

0000000000000000000

भारतीय सैन्य अकादमी-आईएमए में अंतिम पग भरते ही आज तीन सौ पचपन युवा भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। इनके साथ ही मित्र देशों के उनतालीस विदेशी कैडेट भी पास आउट हुए। उत्तरी कमांड के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों को अप्रत्याशित चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। कैडेट ने आईएमए के चेडवुड ड्रिल स्क्वायर से कसम लेकर कदम ताल करते हुए विजय धुन पर परेड मार्च किया। इधर बिहार के गया में असम राईफल्स की पासिंग आउट परेड में पंद्रह नए कमिशंड अधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर असम राईफल्स के महानिदेशक और सभी रैंक के अधिकारियों ने नए कमिशंड अधिकारियों को उनके भविष्य की शुभकामनाएं दी।

0000000000000000000

भारतीय सेना की गजराज कोर ने तवांग जिले के बॉर्डर विलेज Rho मे मेडिकल कैंप लगाया। इस शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच के साथ ही उन्हें जरुरी मेडिसीन और परामर्श दिया गया। मेडिकल कैंप में तंबाकू उत्पादों के सेवन से स्वास्थ्य पर पडने वाले बुरे असर के बारे में जागरुक किया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को बताया कि टोबैको प्रोडक्ट के सेवन से कैंसर और श्वसन की बीमारी का खतरा बढ जाता है।

000000000000000000